‘नायाब हुनर हाट’प्रदर्शनी का उद्घाटन

चर्चा में क्यों?

28 फरवरी, 2022 को राजस्थान की उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री शकुन्तला रावत ने जयपुर में अर्बन हाट (जल महल के सामने) ‘नायाब हुनर हाट’प्रदर्शनी का उद्घाटन किया गया। यह प्रदर्शनी 14 मार्च तक आयोजित की जाएगी।

प्रमुख बिंदु

- इस प्रदर्शनी का आयोजन उद्यम प्रोत्साहन संस्थान एवं राजस्थान अल्पसंख्यक वित्त एवं विकास निगम लिमिटेड के संयुक्त तत्वावधान में किया जा रहा है।
- ‘नायाब हुनर हाट’प्रदर्शनी में लगभग 100 अधिक दस्तकारों एवं बुनकरों द्वारा भाग लिया जा रहा है, जिसमें मुख्यत: लाख की चूड़ी, कुंदन मीनाकारी, पेंटिंग, आर्टीफिशियिल ज्वैलरी, ब्लू पॉटरी, मार्बल एवं मेटल हैंडीक्राफ्ट, वुडन हैंडीक्राफ्ट, टेराकोटा, हैंड ब्लॉक प्रिंटिंग आदि के दस्तकारों द्वारा स्टॉल्स लगाए गए हैं।
- इसके अतिरिक्त विभिन्न संस्थानों- बुनकर संघ, राजस्थान हथकरघा विकास निगम, खादी बोर्ड एवं क्राफ्ट कौंसिल ऑफ वीवर्स एंड आर्टीजन्स आदि के भी स्टॉल्स लगाए गए हैं।
- प्रदर्शनी आयोजन स्थन पर ब्लू पोटरी, करघों पर कपड़ा बुनाई, चाक से बरतन बनाना, लाख चूड़ी आदि पर लाईव डेमो की भी व्यवस्था की गई है। आयोजन स्थल पर कार्यक्रम के दौरान विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।
- इस अवसर पर मंत्री शकुंतला रावत ने कहा कि राजस्थान की दस्तकारी कला विश्व प्रसिद्ध है, यहाँ प्रत्येक क्षेत्र में कोई-न-कोई कला मौजूद है। इस तरह के आयोजनों से दस्तकारों को उत्पादों को बेचने के लिये मार्केट सपोर्ट मिलता है। राजस्थान में दस्तकारों, हैंडलूम एवं विभिन्न कलाओं के विकास की काफी संभावनाएँ हैं, राज्य सरकार हैंडलूम हैंडीक्राफ्ट निदेशालय भी बनाने जा रही है। कलाओं और दस्तकारों के उत्थान के लिये कई प्रयास किये जा रहे हैं, यही कारण है कि राजस्थान से हैंडीक्राफ्ट का निर्यात भी बढ़ा है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/nayab-hunar-haat